# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 22.08.2026** **समय : 1905**

1. **दक्षिण अंडमान पुलिस ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मादक पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज किया है।**
2. **राष्ट्रीय युवा महोत्सव – विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार सत्ताईस का आयोजन अगले साल भारत मंडपम में किया जाएगा।**
3. **दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत रंगत में दो दिवसीय एसएचजी खाद्य एवं हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया गया।**
4. **'टैक्टिकल ड्राइविंग कोर्स' को देखते हुए गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक का मार्ग 24 अगस्त से वाहनों की आवाजाही के लिए अस्थाई रूप से बंद रहेगा।**

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मादक पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज किया है। दक्षिण अंडमान पुलिस द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आज मीडिया को जानकारी देते हुए दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पिछले साठ दिनों में एनडीपीएस एक्ट के तहत पन्द्रह मामले दर्ज कर तैंतीस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत बासठ मामले दर्ज कर बासठ लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में पचास से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे, शराब की लत और अवैध तस्करी के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। सोशल मीडिया पर द्वीपसमूह की प्रमुख हस्तियों के छह प्रेरणादायक वीडियो जारी कर नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और कानूनी दुष्प्रभावों, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों, साथियों के दबाव का विरोध करने तथा स्वस्थ और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

पुलिस ने आम लोगों से नशीले पदार्थों तथा शराब की अवैध बिक्री, भंडारण या परिवहन की सूचना देने की भी अपील की है।

<><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव – विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार सत्ताईस का आयोजन अगले साल दस से बारह जनवरी तक भारत मंडपम, में किया जाएगा। यह पहल देश भर के पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को विचार साझा करने, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने तथा विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने का एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करती है। इच्छुक प्रतिभागी चार ट्रैक के जरिए इसमें भाग ले सकते हैं। विकसित भारत चैलेंज वर्तमान में क्विज़ के माध्यम से उपलब्ध है तथा सांस्कृतिक ट्रैक एवं इनोवेशन फॉर भारत MY Bharat पोर्टल पर सूचीबद्ध हैं। पहले से पंजीकृत प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल के माध्यम से VBYLD–2027 क्विज़ में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। नए प्रतिभागी mybharat.gov.in पर अपना पंजीकरण कर MY Bharat Profile @ MBP ID बना कर भाग ले सकते हैं।

<><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत 'द्वीप सखी' खंड स्तरीय फेडरेशन की ओर से रंगत में दो दिवसीय एसएचजी खाद्य एवं हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त दीपांशु वोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख सीता मांझी, खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों ने अपने पारंपरिक खाद्य पदार्थ, हस्तनिर्मित उत्पाद और हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने संबोधन में सहायक आयुक्त ने महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वावलंबन और उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिए द्वीप सखी के प्रयासों की सराहना की। खंड विकास अधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों को नियमित बाज़ार उपलब्ध कराने के लिए हर महीने ऐसे मेलों के आयोजन की घोषणा की।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से संचालित 'टैक्टिकल ड्राइविंग कोर्स' के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में गर्ल्स स्कूल ट्रैफिक प्वाइंट से धर्मशाला जंक्शन तक का मार्ग वाहनों के आवागमन के लिए चौबीस से अट्ठाईस अगस्त तक सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक तथा दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक अस्थाई रूप से बंद रहेगा। इस दौरान लोगों से यातायात पुलिस के निर्देशों के अनुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब ने अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से आज 'रेड रन – 5 किमी हाफ मैराथन' का आयोजन किया। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य एचआईवी से बचाव, इसके प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कुल छियालीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। दौड़ को कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुलता राव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष पी. उम्मर ने ज़िला परिषद विद्यालय फरारगंज और ज़िला परिषद विद्यालय शोर प्वाइंट में नए कंप्यूटर प्रयोगशालाओं का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कुमार सिंह, अधिकारी, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय समिति अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, कार्य एवं विकास समिति के अध्यक्ष पी. ए. शरफुद्दीन, स्थानीय जिला परिषद सदस्य और शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस पहल का उद्‌देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के छात्रों को आधुनिक, तकनीक–आधारित शिक्षा प्रदान करना है। जिला परिषद द्वारा दोनों विद्यालयों को कंप्यूटर उपकरण और आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए तकनीक की पहुंच को आवश्यक बताते हुए ग्रामीण छात्रों को भी शहर के बच्चों की तरह समान अवसर मिलने पर जोर दिया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>